भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **1147**
सोमवार, **2**9 जुलाई, **2024/**7 श्रावण, **1946** (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशियों के लिए अतिथि गृह

1147. श्री दिलेश्वर कामैत:
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा बिहार में पर्यटन के लिए कितने स्थानों की पहचान की गई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार बिहार सरकार को पर्यटन स्थलों के नवीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है;

(ग) क्या सरकार का सभी पर्यटन स्थलों पर विदेशी पर्यटकों की सुविधा के लिए बिहार सहित देश में सरकारी अतिथि गृह स्थापित करने का विचार है; और

(घ) देश के उन पर्यटन स्थलों के नाम और ब्यौरा क्या है जहां सरकार ने ऐसे सरकारी अतिथि गृहों की स्थापना की है**?**

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय अपनी चल रही स्वदेश दर्शन नामक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत, पर्यटन मंत्रालय ने बिहार राज्य में 262.72 करोड़ रुपए की 5 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने हाल ही में गंतव्य और पर्यटन केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है। मंत्रालय ने राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों के परामर्श से और योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए देश में 57 गंतव्यों की पहचान की है, जिसमें बिहार में 'गया' और 'नालंदा' शामिल हैं। इसके अलावा, मंत्रालय ने

स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' (सीबीडीडी) नामक उप-योजना के तहत बिहार राज्य में संस्कृति और विरासत स्थलों की श्रेणी के तहत 'भागलपुर' और 'सारण जिला (सोनपुर मेला)' की पहचान की है।

(ग): जी नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****

अनुबंध

श्री दिलेश्वर कामैत द्वारा विदेशियों के लिए अतिथि गृह के संबंध में दिनांक 2**9.0**7**.2024** को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. **11**47 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में विवरण

बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के चिह्नित थीमेटिक परिपथों के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा।

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	बिहार	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली – आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.96
2.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवरिया मार्ग का विकास: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर	44.76
3.	बिहार	बौद्ध परिपथ 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18
4.	बिहार	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा – चंद्रहिया - तुरकौलिया का विकास	44.27
5.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55
कुल				262.72

*****